महत्वपूर्ण एवं खास

मई दिवस पर प्रदर्शन में मैकडॉनल्ड्स के रेस्तरां में लगायी आग, सैकड़ों हिरासत में

पैरिस (आरएनएस)। मध्य पेरिस में मई दिवस पर दंगों के बाद करीब 300 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों के सार्वजनिक क्षेत्र में सुधारों के खिलाफ मार्च निकला। इस दौरान नकाबपोश युवकों ने मैकडॉनल्ड्स के एक रेस्तरां में आग लगा दी और कई वाहनों को जला दिया।

पैरिस पुलिस के मुताबिक, काले रंग के जैकेट पहने और चेहरे पर नकाब लगाए करीब 1,200 प्रदर्शनकारी एक मई के पारंपरिक प्रदर्शन में शामिल हुये। ये प्रदर्शनकारी पैरिस उठोट और पुलिस से हर कोई नफरत करता है का नारा लगा रहे थे। प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने शहर से पूर्व में स्थित ऑस्टरलिट्ज स्टेशन के निकट मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां में तोड़फोड़ की और उसे आग लगा दी।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की। पुलिस ने बताया कि कल रात 276 लेगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें से 102 लोग हिरासत में हैं। मैक्रों ने हिंसा की निंदा की है।

ऑटो और स्कूल बस की टक्कर, 3 लोगों की मौत

भिवानी (आरएनएस)। भिवानी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. लोहारू रोड पर धीराणा गांव में एक स्कूल बस और ऑटो की टक्कर हो गई. हादसा ऑटो का टायर निकलने से हुआ. हादसे में ऑटो ड्राइवर कुलदीप और ऑटो में सवार मूर्ती और संगीता की मौत हो गई. तीनों मृतक गांव राजगढ़ के रहने वाले हैं. सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है.

मोदी-शी वार्ता के बाद हॉटलाइन स्थापित करेंगी भारत और चीन की सेनाएं: रिपोर्ट

पेइचिंग (आरएनएस)। भारत और चीन की सेनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच वुहान में अनौपचारिक बैठक के बाद अपने मुख्यालयों के बीच हॉटलाइन स्थापित करने के लंबित पड़े प्रस्ताव पर कथित तौर पर सहमत हो गई हैं। चीन के आधिकारिक मीडिया ने यह जानकारी दी है। मोदी ने भारत-चीन संबंध को मजबूत करने के लिए दो दिवसीय अभूतपूर्व शिखर वार्ता दिल से दिल तक में पिछले सप्ताह शी से मुलाकात की थी।

ताजी हवा के लिए यात्री ने उड़ते विमान का खोल दिया इमरजेंसी गेट

हांगकांग (आरएनएस)। चीन में एक यात्री को घुटन महसूस हुई तो उसने ताजा हवा खाने के लिए उड़ते विमान का इमरजेंसी एक्जिट डोर खोल दिया. फ्लाइट की लैंडिंग के बाद हिरासत में ले लिया गया. उस पर अधिकारियों ने 11 हजार डॉलर (7.5 लाख रुपए) का जुर्माना लगाया है. इस यात्री ने चीन के हनान प्रांत से सिंचुआन तक की फ्लाइट ली थी. उसकी पहचान 25 वर्षीय चेन के रूप में हुई है. उसके मुताबिक वह हवाई अड्डे पर प्लेन के उतरने का इंतजार कर रहा था. तभी उसे घुटन महसूस हुई और उसने आपात निकास दरवाजे को खोल दिया. इस घटना से प्लेन थोड़ी देर के लिए अनियंत्रित होकर डगमगाने लगा था.

इराक में अज्ञात बंदूकधारियों का हमला, 14 लोगों की मौत

बगदाद (आरएनएस)। इराक के सलाहुद्दीन प्रांत के एक कस्बे के तीन घरों पर अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला कर दिया. इस हमले में 16 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि 4 लोग घायल बताए जा रहे हैं. सलाहुद्दीन की प्रांतीय पुलिस के लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद अल-जुबौरी ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ से कहा कि यह हमला मंगलवार की शाम को हुआ. मशीन गनों से लैस बंदूकधारियों ने राजधानी बगदाद से करीब 60 किलोमीटर दूर दुजैल कस्बे के दक्षिण में स्थित एक गांव के तीन घरों पर हमला किया था.

ये तीनों घर रहीम अल-मारजौक नाम के एक न्यायधीश के तीन बेटों के थे. उन्होंने कहा कि सभी पीड़ित तीनों परिवारों के सदस्य हैं और उनमें से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं. जुबौरी ने कहा कि इराकी सुरक्षा बलों ने घटना की जांच शुरू कर दी है जबकि सैनिकों ने इस इलाके को सील कर हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू कर दिया है.

जेजे बोर्ड ने नाबालिग आरोपी को माना बालिग, चलेगा केस

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के गाजीपुर के मदरसे में बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में आरोपी नाबालिग को जेजे बोर्ड ने बालिग माना है. जेजे बोर्ड के इस फैसले के बाद अब आरोपी पर कोड़कड़डूमा कोर्ट में केस चलेगा.

दरअसल गाजीपुर थाने द्वारा पकड़े गए नाबालिग की बोन टेस्ट रिपोर्ट आ गई है. रिपोर्ट के मुताबिक रेप का आरोपी बालिग पाया गया है. गौरतलब है कि स्थानीय पुलिस ने आरोपी को नाबालिग बताकर बाल सुधार गृह भेज दिया था. क्राइम ब्रांच को नाबालिग आरोपी की बोन ओसिफिक्सशन टेस्ट रिपोर्ट मिली थी, जिसमें ये जाहिर हो गया कि आरोपी नाबालिग ना होकर बालिग है.

अवैध ढांचे गिराने गई महिला अधिकारी की गोली मारकर हत्या

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में मंगलवार को एक अवैध ढांचे को तोड़ने गई महिला अधिकारी की होटल मालिक ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस दौरान एक मजदूर घायल हो गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सोलन के कसौली में होटलों का अवैध निर्माण हटवाने पहुंची सहायक नगर नियोजन (एटीपी) अधिकारी शैल बाला की मौत हो गई।

प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल के सामने ही व्यवसायी ने करीब चार राउंड फायरिंग की जिसमें एक गोली एटीपी कसौली शैल बाला शर्मा के मुंह पर और एक लोक निर्माण विभाग के बेलदार गुलाब सिंह के सीने पर जा लगी। महिला अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी फरार है। सोलन के एसपी मोहित चावला ने कहा कि आरोपी हथियार के साथ जंगल में भाग गया। उसे पकड़ने की कोशिश पुलिस कर रही है और आरोपी पर 1 लाख का इनाम भी रखा गया है।

पुलिस ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर धरमपुर इलाके में कर्मचारियों ने जैसे ही कार्रवाई शुरू की, नारायणी गेस्ट हाउस के मालिक विजय कुमार ने कथित तौर पर हवा में दो चक्र गोलियां दागीं।

माफिया डॉन छोटा राजन दोषी करार, पत्रकार जिग्ना वोरा बरी

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के मशहूर पत्रकार जे डे मर्डर केस में मकोका की एक अदालत ने माफिया डॉन छोटा राजन समेत 9 आरोपियों को दोषी को माना है, वहीं इस मामले में पत्रकार जिग्ना वोरा को बरी कर दिया गया है। अदालत ने बुधवार को अपना फैसला सुनाते हुए राजन को हत्या और हत्या की साजिश रचने के तहत दोषी ठहराया। मामले में एक अन्य आरोपी जोसेफ पॉलसन को भी कोर्ट ने बरी करने का फैसला सुनाया।कोर्ट दोषियों को आज ही फैसला सुना सकता है।

जे. डे. की बहन ने की फांसी की मांग

इससे पहले जे डे की बहन लीना ने अपने भाई की हत्या में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ फांसी की सजा देने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि फांसी की सजा मिलने के बाद ही उन्हें शांति मिलेगी। लीना ने कहा, मेरे भाई की हत्या के बाद मेरा परिवार समाप्त हो गया। पिछले साल मेरी मां की मौत हो गई और उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए घर पर कोई नहीं था।

शब-ए-बारात पर 6 घंटे में 3000 से ज्यादा चालान

नई दिल्ली (आरएनएस)। शब-ए-बारात की रात शरारती तत्व हुड़दंग न कर सकें, इसके मद्देनजर दिल्ली की सड़कों पर पुलिस का पहरा रहा। ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 3 हजार से ज्यादा राइडर्स के चालान काटे। यह कार्रवाई 6 घंटे के भीतर हुई। सबसे ज्यादा चालान बिना हेल्मेट ड्राइविंग करने वालों के काटे गए। सैकड़ों चालान ट्रिपल राइडिंग और डेंजर ड्राइविंग के हुए। ट्रैफिक पुलिस की जॉइंट कमिश्नर गरिमा भटनागर ने बताया कि रात ट्रैफिक पुलिस की टीमें दिल्ली के मेन चौराहों के आसपास तैनात रहीं। रात 8 से 2 बजे के बीच ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान बड़ी संख्या में हुए। सबसे ज्यादा बिना हेल्मेट चालान किए गए, जिनकी संख्या 2029 रही। ट्रिपल राइडिंग के 739 चालान हुए। जिग-जैग और तेज रफ्तार में वाहन चलाने के (डेंजर ड्राइविंग) 739 चालान काटे गए। अन्य ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 201 चालान हुए।

11 मई को पटना से जनकपुर के लिए रवाना होंगे पीएम मोदी

पटना (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय नेपाल यात्रा के तहत 11 मई को बिहार की राजधानी पटना से सीधे जनकपुर आएंगे. नेपाल के गृह मंत्री राम बहादुर थापा ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि मोदी की यात्रा से दोनों देशों के सदियों पुराने सामाजिक और धार्मिक रिश्तों को नई ऊंचाई मिलेगी.

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के मद्देनजर जनकपुर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. यह शहर जानकी मंदिर के लिए प्रसिद्ध है.

गृहिणियां भी होती हैं कामकाजी व्यक्ति जितनी व्यस्त

हाई कोर्ट की राय

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक हाई कोर्ट ने एक केस की सुनवाई के दौरान कहा है कि एक गृहिणी किसी कामकाजी महिला के समान ही व्यस्त होती है। अदालत ने बेंगलुरु के एक शख्स की याचिका खारिज करते हुए यह बात कही। याचिका में शख्स ने अपनी पत्नी को फ्लाइट का खर्च देने से इस आधार पर इनकार किया था कि गृहिणी होने के नाते पत्नी के पास ट्रेन में सफर करने के लिए पर्याप्त खाली समय है।

बेंगलुरु के गौरव राज जैन 1 फरवरी 2018 को फैमिली कोर्ट से जारी आदेश को चुनौती देने हाई कोर्ट के पास पहुंचे थे। फैमिली कोर्ट के आदेश में उन्हें उनकी पत्नी श्वेता को मुजफ्फरनगर से बेंगलुरु तलाक की सुनवाई के लिए आने के लिए फ्लाइट का किराया 32,114 रुपये देने का निर्देश दिया गया था। गौरव के वकील ने इसके खिलाफ तर्क दिया कि श्वेता गृहिणी हैं और उनके पास फ्लाइट की जगह ट्रेन से सफर करने के लिए पर्याप्त खाली समय है। इसलिए, यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय खर्चों में शामिल नहीं होता।

कामकाजी व्यक्ति के बराबर ही व्यस्त रहती है गृहिणी

याचिका को खारिज करते हुए हाई कोर्ट के जज जस्टिस राघवेंद्र एस चौहान ने कहा कि कई लोगों को गलतफहमी है कि एक गृहिणी खाली रहती है। उन्होंने कहा, यह बताने की जरूरत नहीं है कि एक गृहिणी किसी कामकाजी व्यक्ति के बराबर ही व्यस्त रहती है। आखिरकार वह अपने परिवार के सदस्यों का ध्यान रखने और घर चलाने के लिए जिम्मेदार होती है।

दुनिया के 15 सबसे प्रदूषित शहरों में 14 भारत के

नई दिल्ली (आरएनएस)। जिनीवा में डब्ल्यूएचओ की ओर से साल 2016 के लिए दुनिया के सबसे 15 प्रदूषित शहरों की सूची जारी की गई है जिनमें भारत के 14 शहर शामिल हैं। इस लिस्ट में टॉप पर कानपुर है। सबसे प्रदूषित शहरों की लिस्ट में दिल्ली छठे नंबर पर है। डब्ल्यूएचओ के डेटाबेस से पता चलता है कि 2010 से 2014 के बीच में दिल्ली के प्रदूषण स्तर में मामूली बेहतरी हुई है लेकिन 2015 से फिर हालत बिगड़ने लगी है।

दिल्ली में पीएम 2.5 ऐनुल ऐवरेज 143 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है जो नैशनल सेफ स्टैंडर्ड से तीन गुना ज्यादा है जबकि पीएम 10 ऐवरेज 292 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है जो नैशनल स्टैंडर्ड से 4.5 गुना ज्यादा है। वैसे सेंट्रल पलूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने हाल ही में दावा किया था कि 2016 के मुकाबले 2017 में वायु प्रदूषण के स्तर में सुधार हुआ है। लेकिन बोर्ड ने अब तक 2017 के लिए हवा में मौजूदा पीएम 2.5 का डेटा जारी नहीं किया है।

2016 के अंत में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए।

नाइजीरिया में दोहरे बम विस्फोट में 27 की मौत, 56 घायल

लागोस (आरएनएस)। नाइजीरिया के अदामावा के मुबी कस्बे में दोहरे विस्फोटों में कम से कम 27 लोग मारे गए और 56 घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने अदामावा के सूचना एवं रणनीति राज्य आयुक्त अहमद साजोह के हवाले से बताया कि दो आत्मघाती हमलावरों ने इन हमलों को अंजाम दिया।

पहला विस्फोट मस्जिद के अंदर हुआ, जबकि दूसरे आत्मघाती हमलावर ने उसी मस्जिद के बाहर एक कपड़ों के बाजार के पास विस्फोटक उपकरण सहित खुद को उड़ा लिया। मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है।

सफाई के बहाने एएमयू से साफ हो गई जिन्ना की तस्वीर ?

अलीगढ़ (आरएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के छात्रसंघ भवन में लगी पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के तस्वीर को लेकर छिड़े सियासी घमासान के बीच एक नया मोड़ आ गया है। दरअसल, जिन्ना की तस्वीर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से गायब हो गई है, जिसके बाद यह जानने की कोशिश की जा रही है कि आखिर मोहम्मद अली जिन्ना की तस्वीर कहां चली गई। हालांकि, इस मामले में एएमयू प्रशासन का कहना है कि तस्वीर हटाई नहीं गई है। परिसर की सफाई चल रही है, तस्वीरों को साफ किया जा रहा है।

पत्रकार के एक सवाल कि क्या पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के कार्यक्रम से पहले तस्वीर लगा दी जाएगी। इसके जवाब में एएमयू प्रशासन की ओर से कहा गया कि तस्वीरों पर धूल जमी हुई थी, उनकी सफाई की जा रही है और कोई तस्वीर हटाई नहीं गई है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी सेक्युलर कॉन्सेप्ट रखती है। गौरतलब है कि सोमवार को बीजेपी के लोकसभा सांसद सतीश गौतम ने विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखकर पूछा कि छात्रसंघ भवन में पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की तस्वीर क्यों लगाई गई है?

बच्चों की स्कूल बस पर हुई पत्थरबाजी, एक घायल

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कानीपोरा में पत्थरबाजों ने एक स्कूल बस को निशाना बनाया, जिसमें एक बच्चा घायल हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बस में 4-5 साल के छोटे-छोटे बच्चे भी सवार थे। गौरतलब है कि बुधवार के दिन अलगाववादी संगठनों द्वारा बंद का आह्वान भी किया था।

बता दें कि पुलवामा के एक नागरिक के मौत के विरोध में बुधवार के लिए अलगाववादी संगठनों द्वारा बंद का आह्वान किया गया था, जिसके मद्देनजर रेल, इंटरनेट और दूकानें और परिवहन सेवाएं बंद कर दी गई थीं। यह बंद सैयद अली गिलानी, मीरवाइज उमर फारूक और मुहम्मद यासीन मलिक के नेतृत्व वाले अलगाववादी संगठन जॉइंट रेसिस्टेंस लीडरशिप (जेआरएल) द्वारा बुलाया गया था।

इससे पहले सोमवार को शीर्ष हिजबुल कमांडर समीर टाइगर और उसका सहयोगी अकीब जिले के द्रबगाम गांव में चार घंटे तक चली मुठभेड़ में मारा गया। इसी इलाके में पत्थरबाजी कर रही भीड़ की सुरक्षाबलों के साथ झड़प हुई।

पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, गैंगस्टर टोनी को लगी गोली

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के बवाना इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब देर रात सोते वक्त लोगों को गोलियों की आवाज सुनाई देने लगी. दरअसल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और बदमाशों के बीच मंगलवार देर रात मुठभेड़ हो गई जिसमें दोनों ओर से जमकर फायरिंग हुई. फायरिंग के दौरान एक बदमाश को गोली लग गई जब पांच बदमाश दबोच लिए गए. घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है. जानकारी के अनुसार दिल्ली की स्पेशल सेल को सूचना मिली थी कि 26 अप्रैल को नरेला इलाके में बैंक कैश वैन लूट कर गार्ड की हत्या करने वाले बदमाश भारत भूषण उर्फ टोनी अपने साथियों के साथ बवाना की तरफ आ रहा है. पुलिस ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी. दोनों ओर से चली गोली में गैंगस्टर भारत भूषण उर्फ टोनी घायल हो गया.

अज्ञात शख्स ने की फायरिंग, 16 की मौत, 4 घायल

बगदाद (आरएनएस)। इराक के सलाहुद्दीन प्रांत के एक कस्बे के तीन घरों पर अज्ञात बंदूकधारियोंने हमला कर दिया जिसमें कम से कम 16 लोग मारे गए और चार घायल हो गए। सलाहुद्दीन की प्रांतीय पुलिस के लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद अल-जुबौरी ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ से कहा कि यह हमला मंगलवार की शाम को हुआ। मशीन गनों से लैस बंदूकधारियों ने राजधानी बगदाद से करीब 60 किलोमीटर दूर दुजैल कस्बे के दक्षिण में स्थित एक गांव के तीन घरों पर हमला किया था।

ये तीनों घर रहीम अल-मारजौक नाम के एक न्यायधीश के तीन बेटों के थे। उन्होंने कहा कि सभी पीड़ित तीनों परिवारों के सदस्य हैं और उनमें से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। जुबौरी ने कहा कि इराकी सुरक्षा बलों ने घटना की जांच शुरू कर दी है जबकि सैनिकों ने इस इलाके को सील कर हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू कर दिया है।